अर्चना शर्मा को पी-एच.डी

वर्धा दि. 15 जनवरी 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भाषा विद्यापीठ की शोधार्थी अर्चना श्याम सुंदर शर्मा को 'समकालीन कथा समय और स्त्री भाषा (प्रतिनिधि उपन्यासों में विशेष संदर्भ में)' विषय पर पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध भाषा विद्यापीठ के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. उमाशंकर उपाध्याय के निर्देशन में पूर्ण किया।

अर्चना शर्मा ने इससे पूर्व कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स में 'प्राकृतिक भाषा संसाधन पर आधारित प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली के प्रारूप' विषय पर रजत पदक के साथ एम.फिल की उपाधि प्राप्त की थी।